हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 3 मार्च 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेसियों का हल्लाबोल



## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन 44 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** सरगुजा में यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। बीती रात पुलिस टीम द्वारा अभियान चलाकर तीन सवारी, अमानक साइलेंसर वाले बुलेट, मोबाइल फोन पर बात करते चालकों सहित अन्य पर कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए कुल 106 प्रकरण दर्ज कर कुल 44 हजार 100 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया हैं। सरगुजा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के लगातार कार्रवाई की जाएगी।

### टाटा मैजिक की टक्कर से गई युवक की जान

**अम्बिकापुर।** दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे युवक को विपरीत दिशा से आ रहे टाटा मैजिक वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भिट्ठी कला निवासी विशेष सोनी आ. ज्ञानचंद सोनी (26 वर्ष) बीती रात नमनाकला स्थित दुकान को बंद कर बाइक से घर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम लोधिमा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 30 डी 9181 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने घायल हो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज सुबह उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवती की मौत

**अम्बिकापुर।** राजनगर थाना अंतर्गत ग्राम रामनगर निवासी दिलरूमा बानो उर्फ शहनाज आ. नियाजुद्दीन अंसारी (18 वर्ष) पिछले वर्ष 10 अक्टूबर को परिजन को बिना बताए घर से निकली जिसके बाद वापस नहीं लौटी। परिजन ने थाने में गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी बीच 29 फरवरी को ग्राम कुडकू निवासी अनूप द्विवेदी ने फोन कर बताया कि दिलरूमा छत से गिर गई है और उसे बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा दिलरूमा अचेत थी और उसके मुंह से झाग निकल रहा था जबकि शरीर में कहीं चोट के निशान नहीं था। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। युवती को रेफर करने के बाद अनूप द्विवेदी अस्पताल से फरार हो गया। परिजन युवती को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### आग से झुलसी मासूम की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम जोगयानी निवासी सुमन आ. संजय कुमार (3 वर्ष) गुरुवार की शाम घर में खेल रही थी। इसी दौरान मां पूनम कुमार भोजन बनाने के लिए चूल्हा में आग जलाने के बाद बेटी सुमन को घर के बाहर खेलने की बात कहकर पानी लेने चली गई। कुछ समय बाद घर लौटी तो देखी बेटी आग की चपेट में आने से जल रही थी। महिला ने शोर मचाने के साथ ही किसी तरह आग बुझाई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे तत्काल बलंगी अस्पताल से वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बच्ची की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## स्कॉर्पियो वाहन लूटकर भागे बदमाश

# चालक को नशीला पदार्थ खिलाने के बाद कट्टे की बट से हमला, डिक्की में किया बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर/लखनपुर

**खास बात**

- चालक की पिटाई आकर फेंका सड़क किनारे, जांच में जुटी पुलिस

घूमने के नाम पर गाड़ी बुकिंग करने वाले अज्ञात बदमाशों ने चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर व कट्टे की नोक पर स्कार्पियों वाहन की लूट की वारदात को अंजाम दिया है। लुटेरों चालक की पिटाई करने के बाद वाहन में बंद कर दिया और फिर लखनपुर रोड में बेलखरिखा के समीप फेंककर भाग निकले। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीती रात हुई इस घटना के बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों के साथ ही वाहन की तलाश की जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे दो युवक सीतापुर थाने के सामने खड़ी स्कार्पियों वाहन क्रमांक सीजी 15 डीडी 1839 के चालक पेटला निवासी 30 वर्षीय शहबान अली के पास पहुंचे और मैनपाट घूमने के लिए गाड़ी की बुकिंग कराई। बुकिंग कराने आए लोगों ने



अस्पताल में दाखिल घायल चालक।

खुद को चलता में बन रहे न्यायालय भवन का निर्माण अधिकारी बताया। इसके साथ ही लुटेरों ने युवक को बताया कि वे सीतापुर उपचार कराने के लिए आए थे लेकिन जांच रिपोर्ट आने में समय लगेगा इस लिए वे घूमने जाना चाहते है। किराए में गाड़ी बुकिंग होने के बाद दोनों लुटेरे वाहन से घूमने के नाम पर मैनपाट पहुंचे। बताया जा रहा है कि मैनपाट में घूमने के बाद सभी अनमोल रिसार्ट पहुंचे जहां युवकों ने चालक को भी अपने साथ खाना खिलाया। इसके बाद मैनपाट के दलदली में भी युवकों ने चालक को खाने के लिए कुछ दिया लेकिन दलदली में दिए गए पदार्थ को खाने के बाद चालक को नींद आने लगी। युवक का कहना है कि बिसरपानी में युवकों ने किसी को फोन किया और फिर बिसरपानी जंगल से होकर गुजरते समय बदमाशों ने चालक शाहबाज के गले में युवकों ने रस्सी डालकर खींचा तो चालक ने हड़बड़ाकर गाड़ी रोक दी। इसी दौरान दो अन्य युवक भी बाइक से मौके पर पहुंच गए और चालक के सिर पर कट्टे के बट से वार कर बेहोश कर दिया। आरोपियों ने उसे बेहोशी की हालत में हाथ पैर बांधकर गाड़ी की डिक्की में डाल दिया।

### लखनपुर के समीप फेंककर हुए फरार

बताया जा रहा है कि कट्टे की बट से किए गए वार व नशे के कारण चालक बेहोशी की हालत में हो गया था। इसके बाद आरोपियों ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया और फिर लखनपुर रोड में बेलखरिखा के समीप केवरा व टपरकेला के बीच सड़क किनारे फेंककर वाहन लेकर फरार हो गए। घटना के बाद बदहवास चालक ने किसी तरह अपने हाथों को खोला और रिश्तेदारों को फोन कर घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घायल चालक का उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी है।

### सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हो रही जांच

चालक से लूट व मारपीट के मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद लखनपुर थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा घायल चालक का बयान दर्ज करने के साथ ही अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। स्कार्पियो वाहन टैक्सी स्टैंड में खड़ी थी और यही से बुकिंग की गई। ऐसे में पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज के साथ ही मार्ग में लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही है लेकिन फिलहाल पुलिस को आरोपियों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### चल रही है जांच

मैनपाट घूमने के नाम पर सीतापुर से स्कॉर्पियो वाहन की बुकिंग दो लोगों ने कराई थी। सभी मैनपाट घूमने के बाद अनमोल रिसार्ट पहुंचे। तीसरा व्यक्ति दलदली में शामिल हुआ और इसके बाद घटना को अंजाम दिया गया है। सूचना पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर आरोपियों और स्कॉर्पियो वाहन की तलाश की जा रही है।

-पुपलेश कुमार, एएसपी

## सार्वजनिक स्थल पर जाम छलका रहे 28 लोगों पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- आबकारी एक्ट के तहत किया गिरफ्तार

सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी है। एक बार फिर से बीती रात पुलिस टीम में शामिल 20 अधिकारी-कर्मचारियों ने अलग अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर 28 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए लोगों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार के नेतृत्व में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शहर के कोतवाली, मणीपुर व गांधीनगर थाना क्षेत्र में 2 सेक्टर प्रभारियों के मार्गदर्शन में 20 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की टीम ने सड़क किनारे बैठकर शराब पी रहे लोगों पर कार्रवाई की। इस कार्रवाई से खुलेआम शराब पीने और लोगों को परेशान करने वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस द्वारा 16 प्रकरण में कुल 28 लोगों को गिरफ्तार कर 36 च के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा जयनगर अखोराकला निवासी 28 वर्षीय शिव कुमार जायसवाल, 34 वर्षीय कौशल कुमार कौशिक, दुप्पी राजपुर निवासी 34 वर्षीय दीकप कुमार जायसवाल, मायापुर निवासी 24 वर्षीय महताब शाह, नमनाकला निवासी 48 वर्षीय कुंज बिहारी सोनी, बौरीपारा निवासी 45 वर्षीय संतोष सोनी, गांधीनगर राइस मिल रोड निवासी सत्यम गुप्ता, मायापुर निवासी 24 वर्षीय अब्दुल वाहिद, 20 वर्षीय विशाल गुप्ता, बौरीपारा निवासी 19 वर्षीय रोशन जायसवाल, ब्रम्ह रोड निवासी 24 वर्षीय लक्ष्मण यादव, शीतला वार्ड निवासी 24 वर्षीय अजय यादव, 38 वर्षीय रामा प्रसाद यादव, 25 वर्षीय राजेश कुमार सिदार, 22 वर्षीय जितेंद्र राजवाड़े, प्रेमनगर निवासी 32 वर्षीय विनय कुमार साहू, सुभासनानगर निवासी 22 वर्षीय सुरेश शंकर, गोधनपुर निवासी 23 वर्षीय किशन महापात्र, घुटरापारा निवासी 23 वर्षीय मणि विश्वकर्मा, संजय नगर निवासी 21 वर्षीय विपुल विश्वास, मनेन्द्रगढ़ निवासी 31 वर्षीय शुभांकर सरकार, डिगमा निवासी 24 वर्षीय विशाल सरकार, बकमेर निवासी 31 वर्षीय नीरज यादव, कंचननगर निवासी सुजीत मंडल, बेन्दुआपारा निवासी 32 वर्षीय अनिल कुमार, नागम पसीना निवासी 28 वर्षीय जीवन प्रकाश सिदार, कटरा बलौदा निवासी 23 वर्षीय अजीत कुमार यादव, बघिमा निवासी 20 वर्षीय आयुष सारथि के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में सीएसपी रोहित कुमार शाह, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी, एसआई प्रेम सागर खुटिया, अश्वनी दीवान, एएसआई अभिषेक दुबे, अनिल सिंह एवं अन्य शामिल रहे।

## गांजा बिक्री करने जा रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे



**रामानुजनगर।** बाइक से गांजा लेकर बिक्री करने जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से डेढ़ लाख रुपए कीमत के 7 किलो 5 सौ ग्राम गांजा बरामद कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने युवक को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत रामानुजनगर पुलिस क्षेत्र में गश्त कर नशेड़ियों एवं नशे के कारोबारियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि बाइक सवार एक युवक बड़ी मात्रा में गांजा लेकर सूरजपुर केतका की ओर से राजापुर में बिक्री करने जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने राजापुर के समीप वाहनों की तलाश शुरू की। इस दौरान बाइक सवार चलगली थाना अंतर्गत ग्राम इंजानी निवासी सचिन्द्र पटेल आ. मुरारी लाल पटेल (29 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने युवक के पास रखे सामान की तलाशी ली तो उसके पास से 1 लाख 50 हजार कीमत की 7 किलो 5 सौ ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजा व बाइक को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रकाश राठौर, एएसआई मनोज पोर्ते, बिसुनदेव पैंकरा, आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, अमलेश्वर कुमार व गणेश सिंह सक्रिय रहे।

### दो किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार, बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई



**अंबिकापुर।** गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से दो किलो गांजा बरामद किया है। थाना बसंतपुर से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम रजखेता में युवक गांजा रखकर बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना के आधार पर एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर, राम अवतार ध्रुव के निर्देश पर पुलिस द्वारा अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर ग्राम रजखेता परशुराम चौक के समीप घेराबंदी कर वाड्रफनगर के कोल्हुआ जंजालीपारा निवासी 30 वर्षीय प्रदीप यादव आ. जगदीश यादव को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उसके पास रखे बैग से 2 किलो गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजा की कीमत 15 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी डाकेश्वर सिंह, एएसआई राधेश्याम विश्वकर्मा, नन्दलाल राम, प्रधान आरक्षक संजीव कुमार सिंह, आरक्षक दुर्योधन सिंह, आरक्षक ईश्वर मरावी, आरक्षक सुरेन्द्र उईके शामिल रहें।

## बच्ची की गलत उपचार से हुई थी मौत, परिजन ने लगाया आरोप

- निजी अस्पताल में ब्लड चढ़ाते समय मौत का मामला, सीएमएचओ से की पुन: जांच की मांग



**अम्बिकापुर।** निजी अस्पताल में ब्लड चढ़ाने के दौरान छात्रा की मौत के बाद मेडिकल टीम द्वारा सही तरीके से जांच नहीं किए जाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा है। परिजन का आरोप है कि ब्लड चढ़ाने में की गई लापरवाही के कारण बच्ची की मौत हुई। बच्ची की मौत के बाद गठित मेडिकल जांच टीम द्वारा परिजन का पक्ष नहीं सुना गया और गलत जांच कर लापरवाही करने बचाने का कार्य किया जा रहा है आरटीआई द्वारा निकाले गए दस्तावेजों के आधार पर परिजन ने पुनः नए सिरे से मामले की जांच कराने की मांग की है। बता दें कि 27 जुलाई 2023 को बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर निवासी 17 वर्षीया छात्रा वैष्णवी कश्यप की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। बच्ची को खून की कमी होने पर परिजन ब्लड चढ़ाने के लिए एकता अस्पताल लेकर पहुंचे थे और ब्लड चढाने के दौरान ही उसने दम तोड़ दिया था। इस घटना को लेकर परिजन ने अस्पताल में जमकर हंगामा भी मचाया था। अब इस मामले में मृतिका के परिजन शिवनाथ कश्यप का आरोप है कि वैष्णवी कश्यप उपचार में भारी लापरवाही बरती गई इसके साथ ही जांच टीम द्वारा मेडिकल जांच में सही तरीके से नहीं की गई है। आरोप है कि बच्ची को गलत तरीके से नस में इंजेक्शन लगाया गया जिससे उसकी तबीयत खराब हुई बच्ची को डॉ. मनीषा द्वारा एट्रोपिन, एड्रीनलीन इंजेक्शन का हाई डोज दिया गया और मृत घोषित किया गया जबकि बीएएमएस डॉक्टर को हाई डोज लिखने और मरीज को मृत घोषित करने का अधिकार नहीं है। बच्ची की मौत के बाद डॉ. कुजूर को फोन कर बच्ची की सांस रुकने की जानकारी दी गई। बच्ची को खून चढ़ाने के दौरान एमबीबीएस डॉक्टर मौजूद नहीं था और रात्रिकालीन ड्यूटी में आर्युवेदिक चिकित्सक के भरोसे मरीज को छोड़ दिया गया। अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ ने फ्रिज में रखा हुआ खून चढ़ा दिया जिससे बच्ची को रैगर आने लगा। इस बात का जिक्र मेडिकल जांच टीम में किया गया है। वहीं डॉ. कुजूर द्वारा भी बच्ची के उपचार को लेकर झूठा बयान दिया गया कि उसकी तबीयत 8-10 दिनों से खराब थी जबकि बच्ची के सुस्त रहने पर एचबी जांच कराई गई थी और महज 4.5 ग्राम एचबी होने के कारण खून चढ़ाने अस्पताल लाया गया था। परिजन ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपकर पुनः जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### चोरों ने दवा दुकान के सामने से पार की बाइक

**अम्बिकापुर।** पुलिस चौकी बारियों अंतर्गत ग्राम सिधमा निवासी करण दास आ.शिव भरोस दास (18 वर्ष) शहर के दर्रीपारा स्थित एक मेडिकल दुकान में काम करता है। 29 फरवरी की सुबह बाइक क्रमांक सीजी 15 सीके 1452 से काम करने आया था। युवक बाइक को मेडिकल दुकान के सामने खड़ा कर काम करने चला गया। शाम को युवक घर जाने के लिए बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## युवती का अपहरण कर छह माह तक किया दुष्कर्म

- आरोपी युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** युवती का अपहरण कर छह माह तक बंधक बनाए रखने व जबरन दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने युवती का अपहरण करने और दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली है। मणीपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली युवती अंबिकापुर से अपने घर जाने के लिए निकली थी। इस दौरान बीच रास्ते में संजय यादव और चुपन उर्फ नरेश यादव ने युवती को घर छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठा लिया और धोखे से उदयपुर ले गए। इस दौरान आरोपियों ने युवती को जान से मारने की धमकी देकर जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी युवक युवती से छह माह तक जबरन दुष्कर्म करते रहे। इस दौरान युवती किसी तरह उनके चंगुल से भागकर घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन के साथ थाने पहुंची युवती का बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा 365, 376 (2) (छ), 506 के तहत अपराध दर्ज किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम मलगांव निवासी 34 वर्षीय संजय यादव व 23 वर्षीय चुपन उर्फ नरेश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने युवती का अपहरण कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली है। कार्रवाई में थाना मणीपुर से प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, आरक्षक मकरध्वज सिंह, अतुल शर्मा शामिल रहे।

### आज सभी जिलों में चलाया जाएगा विशेष अभियान

## तीन जिलों में साढ़े तीन लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम के तहत सरगुजा संभाग के तीन जिलों में 3 लाख 50 हजार 895 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बूथ का निर्धारण करने के साथ ही टीम का गठन किया गया है। बता दें कि 3 मार्च को पल्स पोलियो टीकाकरण का अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जिला अस्पतालों, सभी सीएचसी, पीएचसी, आंबा केंद्रों में पिलाई जाएगी। सरगुजा संभाग के तीन जिलों में 3 लाख 50 हजार 895 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं सरगुजा जिले की बात की जाए तो सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता ने बताया कि जिले में 1,38,077 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले के विकासखण्ड बतौली के 11671, भफौली के 24475, धौरपुर के 18733, सीतापुर के 15755, मैनपाट के 13074, लखनपुर के 18434, उदयपुर के



13044 एवं शहरी क्षेत्र के 22891 बच्चे शामिल है। दवा पिलाने के लिए जिले में कुल 899 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें 1104 दलों के द्वारा प्रत्येक शासकीय चिकित्सालय, शासकीय विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोलियो की दो बूंद दवा पिलाएंगे। कलेक्टरविलास भोस्कर ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे अपने सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ में पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर पोलियो बिमारी से अपने बच्चों को सुरक्षित रखें। इसी तरह बलरामपुर जिले में कुल 108158 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। सीएमएचओ डॉ. बनर्जी ने बताया कि जिले में 1 लाख 8 हजार 158 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पल्स पोलियो अभियान के लिए 688 बूथ जिले में बनाए गए है और 2593 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह सूरजपुर जिले में 104660 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि सूरजपुर जिले में पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के 1 लाख 4 हजार 660 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पल्स पोलियो की दवा जिले के 729 बूथ में पिलाई जाएगी। इस अभियान के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। वहीं छूटे हुए बच्चों को 4 एवं 05 मार्च को निर्धारित दल द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरुआत!
GOAL Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute
Admission Open
CRASH COURSE — Classes Starts on 22nd, 27th March 2024
FOUNDATION — 9th|10th|11th|12th Classes Starts on 22nd March, 01st & 05th April 2024
SUMMER COURSE — 11th & 12th Board with NEET / JEE Classes Starts on 15th April
DROPPER BATCH — NEET / JEE 2025 Registration Open
FEATURES
- यह संस्थान छात्रों के लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक सटीक योजना एवं रणनीति के साथ छ.ग. में 1700 छात्रों को सफल डॉक्टर बनाने में 17 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। (Result Oriented Study & Experience)
- यह संस्थान जहां अनुभवी शिक्षक व कुशल सक्षम एवं समर्पित प्रबंधन टीम है (Management Team)
- यह संस्थान में जहां छात्रों को बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ उनका (Care System) बेहतर है।
- यह संस्थान में जहां छात्रों की पढ़ाई एक प्रतिस्पर्धात्मक (Compititive) माहौल है।
- यह संस्थान में जहां छात्रों की English एवं Hindi Medium के लिए Separate Faculty & Separate Batch उपलब्ध है। जिससे छात्रों को Medium की परेशानी नहीं होती है।
- यह संस्थान में जिसका Acadmic Programe में सही समय पर Syllbus की समाप्ति, उसका रिविजन, टेस्ट प्रोग्राम तत्पश्चात डिस्कशन, डाऊट क्लासेस एवं सपोर्ट की अच्छी व्यवस्था दिया गया है।
BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711
website : www.goalinstitute.org, Email : goalinstitutebhilai@gmail.com, Facebook : goalinstitutebhilai

## खबर संक्षेप

### मौसम बदला, दिनभर छाए रहे बादल

**सोनहत।** मुख्यालय सहित खंड स्तर के लगभग सभी ग्रामों में 2 मार्च की सुबह से बादल छाए रहने से पूरा मौसम सर्द बना रहा। सुबह 10 बजे के बाद हल्की धूप कुछ देर के लिए बनी रही। दोपहर बाद से मौसम पूरे दिनभर बादलों के छाए रहने एवं बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी कुछ ग्रामों में होती रही। आए दिन बारिश पानी वाले मौसम से खासकर सब्जी फसल के किसान वर्ग, ईंट व्यवसायी काफी चिंतित नजर आने लगे हैं।

### आधार सीडिंग के लिए आज खुले रहेंगे बैंक

**बैकुण्ठपुर।** राज्य से प्राप्त एनपीसीआई एरर रिपोर्ट के अनुसार जिले के कुल 4973 हितग्राहियों के आवेदनों में आधार सीडिंग एवं डीबीटी अनेबल्ड की समस्या है, जिसका सुधार कार्य करने की कार्रवाई बैंकों के माध्यम से निरंतर शिविर लगाकर की जा रही है। विदित हो कि हितग्राहियों के खाते में आधार सीडिंग एवं डीबीटी अनेबल्ड की कार्रवाई पूर्ण कराए जाने के लिए छुट्टियों में भी बैंक खुले रहेंगे, ताकि पात्र हितग्राहियों को कोई परेशानी न हो। सरकार की महत्वकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि डीबीटी के माध्यम से संबंधित हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित किया जाना है। जिले में अब तक कुल 60105 हितग्राही इस योजना के तहत पंजीकृत हो गए हैं।

### हनुमान मंदिर स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन

**सोनहत।** विकासखंड के ग्राम पंचायत तंजरा में हनुमान मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर बजरंग समिति ग्राम तंजरा के तत्वाधान में समस्त ग्रामजन द्वारा 3 एवं 4 मार्च को वृहद धार्मिक आयोजन किया गया है। बजरंग समिति पदाधिकारियों ने बताया कि 3 मार्च को सबेरे सत्यनारायण कथा, दोपहर हवन पूजन, यज्ञ एवं हवन-पूजन पश्चात महा प्रसाद का वितरण एवं शाम से मानस गायन किया जा रहा है। 4 मार्च को रंगारंग जगराता का आयोजन लोक कलाकार मंच के मशहूर गायिका जियारानी, रंजन पाण्डेय के द्वारा चौरा में गोंदा का प्रस्तुतिकरण स्कूल ग्राउंड तंजरा में किया जाएगा। पूरे आयोजन को सफल बनाने समिति ने सभी ग्रामीणों से आग्रह किया।

### एकलव्य आदर्श विद्यालय के प्राचार्य हटाए गए

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार आदिवासी विकास विभाग के द्वारा मेहीलाल कुर्रे प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनहत के सौंपे गए दायित्व से मुक्त करते हुए मूलपद व्याख्यता शासकीय हाईस्कूल बंशीपुर विकासखंड सोनहत के लिए भारमुक्त किया गया है। उनकी जगह पर राजकुमार साण्डया व्याख्यता शासकीय हाईस्कूल पुसला विकासखंड सोनहत को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनहत के प्राचार्य पद का कार्य संपादन करने के लिए आदेशित किया गया है।

## केन्द्र सरकार को जमकर कोसे, कोरिया-एमसीबी में प्रदर्शन

# बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेसियों का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेसियों ने कोरिया एवं एमसीबी जिले में शनिवार को अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केन्द्र की मोदी सरकार पर जमकर प्रहार किया। वहीं चिरमिरी में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने कहा कि 100 दिनों में महंगाई कम करने का वादा कर मोदी सत्ता में आए, लेकिन महंगाई दर पिछले कई वर्षो से वर्तमान में ज्यादा है, इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ा है।

गृहणियों के किचन का बजट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। खाद्य सामग्रियों की कीमतों में बेताहासा वृद्धि हुई है। आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, खास तौर पर ईंधन, रसोई गैस और खाना पकाने के तेल के दाम आसमान छू रहे हैं। 2 मार्च को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में बढ़ती महंगाई को लेकर जिला मुख्यालय के स्थानीय बाजार में विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि सब्जियां, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि ने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। देश में महंगाई ने जनता की कमर तोड़ दी है, केन्द्र में भाजपा की मोदी सरकार की विफलताओं एवं गलत नीतियों के कारण देश में बढ़ती कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होती जा रही हैं। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन के दौरान पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, श्रीमती संगीता राजवाड़े, युसुफ इराकी, विकास श्रीवास्तव, रामसजीला यादव, धीरज सिंह, चिंटू खान, धीरज शिवहरे, मनीष सिंह, अंकित गुप्ता, संतोष गोयन, संजय, फैजान ढेबर सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

### चिरमिरी में निकाली जागरूकता रैली

**डोमनहिल।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी के जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में नगर पालिक निगम चिरमिरी के गोदरीपारा में शनिवार साप्ताहिक बाजार में केन्द्र की मोदी सरकार के विरोध में आमसभा, धरना एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें मोदी सरकार द्वारा देशभर में बढ़ती हुई महंगाई, सार्वजनिक उपकरणों को निजीकरण कर देश की संपत्तियों को बेचने जैसे जनविरोधी कार्यों के विरुद्ध जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश में बढ़ती महंगाई को प्रदर्शित करते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा हाथ में खाली सिलेंडर लेकर आम दुकान एवं सब्जी विक्रेताओं के हाथ से महंगी सब्जियों को खरीदते हुए विरोध प्रदर्शित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला पदाधिकारी एवं सभी अनुसांगिक प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इनमें प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, नगर पालिका निगम चिरमिरी के पूर्व महापौर के डमरु रेड्डी, पीसीसी सदस्य श्रीमती बबीता सिंह, पार्षद, सेवा दल के जिलाध्यक्ष राणा दास, जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी राकेश श्रीवास्तव, वाचस्पति दुबे, मनजीत सिंह, बलदेव दास, शिवनारायण राव, शाहीन अदिति परासर, शाहिद महमूद, शंभू ओझा ,विजय नेवार, उदय सिंह, रंजन नायक, सुनील कुमार, मुकेश बिनकर, इकराम, शिवराम बेहरा आदि उपस्थित रहे।



# आम के पेड़ बौर से लदे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आम के पेड़ों पर बौर आच्छादित हो गए हैं, जिसका नजारा देखते ही बनता है। जहां पर आम के बगीचे हैं, वहां पर सभी पेड़ों पर बौर आ गए हैं और बगीचे का नजारा ही अलग दिखाई देता है, इसके अलावा जिलेभर में विभिन्न जगहों पर आम के पेड़ों पर बौर लद गए हैं। इस वर्ष सभी क्षेत्रों में स्थित आम के पेड़ों पर भरपूर मात्रा में बौर आ गए हैं।

इस दौरान यदि तेज आंधी बारिश नहीं होती है तो आम के बौर को नुकसान नहीं होगा और बंफर उत्पादन की उम्मीद बनी रहेगी, लेकिन बीच-बीच में जिस तरह से मौसम खराब हो रहा है और बे मौसम आषाढ़ की तरह बारिश हो रही है, उससे आम के बौर को नुकसान की संभावना बनी हुई है। बीते मंगलवार को अचानक जिलेभर में बेमौसम बारिश हुई ,इसके अलावा कई क्षेत्रों में बारिश के साथ जमकर ओले गिरे थे, इससे आम के पेड़ों पर लदे बौर को भी भारी नुकसान हुआ। आगामी दिनों में भी मौसम में फिर बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है, ऐसे समय में आम के बौर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंच सकती है। यदि मौसम ज्यादा खराब नहीं हुआ और आंधी पानी अधिक नहीं आई तो इस बार जिले में



आम का बंपर उत्पादन हो सकता है। बहरहाल फलों के राजा आम के पेड़ों पर बौर लदे हुए हैं,जो लोगों का मन अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

### भरपूर मिलेगा आम

जिस तरह से इस बार अब तक आम के पेड़ों पर बौर लदे हुए दिखाई दे रहे हैं और आगामी दिनों आंधी बारिश से आम के बौर को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचता है तो इस वर्ष आम भरपूर मात्रा में लोगों को मिल सकेगा।

### लीची के पेड़ पर निकले मंजर

इन दिनों जिलेभर में जहां आम के पेड़ों पर बौर लदे हुए हैं,वहीं गर्मी के सीजन का प्रमुख फल लीची के पेड़ों पर भी मंजर निकल आए हैं। हालांकि जिले में लीची की ज्यादा पेड़ नहीं है, लेकिन जहां पर पेड़ हैं पेड़ों पर मंजर लदे हुए दिखाई दे रहे हैं।



न्यौता भोज करती छात्राएं।

# न्यौता भोजन के आयोजन में सभी वर्ग बनें सहभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

केन्द्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत राज्य के सभी स्कूल अवधि में बच्चों को गर्म पका भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इसी कड़ी में छग राज्य में न्यौता भोजन के नाम से लागू किया गया है। न्यौता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों, अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह एवं राष्टीय पर्व आदि पर लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परंपरा पर आधारित है।

इस योजना में आमजन, सामाजिक संस्थाओं, संगठन, जनप्रतिनिधि, व्यापारिक व सभी वर्गों के लोग इसमें सहभागी बन सकते हैं। यह योजना पूरी तरह से स्वैच्छिक है। योजना के तहत इसमें पूर्ण भोजन या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में दाल, सब्जी, चावल, मिठाई, नमकीन, बिस्किट्स, हलवा, चिक्की, मौसमी फल, अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री स्कूल अवधि में प्रदान कर सकते हैं। न्यौता भोजन शाला में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किए जाने वाले भोजन का पूरक है।

### सद्भाव, सहयोग व स्नेह में होगी बढ़ोत्तरी

प्रधानमंत्री पोषण के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि करने में मदद करेगा। न्यौता भोजन से समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित होगी। सभी समुदाय, वर्ग के बच्चों में समानता की भावना पैदा होगी, बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को और मजबूत करने में मदद करेगा, स्कूल और स्थानीय समुदाय के मध्य आपसी तालमेल के विकास में सहायक होगा।

### शपथ ग्रहण में चिरमिरी के पदाधिकारी हुए शामिल

**डोमनहिल।** आल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सीएम -1 संपदा के लीनेस क्लब चिरमिरी कल्याण का शपथ ग्रहण समारोह मैहर में 25 फरवरी को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मल्टीपल प्रेसिडेंट लीनेस सुनीता फरक्या एवं गेस्ट आफ आनर मल्टीपल सचिव लीनेस साधना भंडारी, शपथ अधिकारी लीनेस रत्ना ओस्तवाल एवं लीनेस वीना अग्रवाल एवं आल इंडिया के सभी उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। डिस्ट्रिक्ट की प्रथम केबिनेट आरंभ एवं डिस्ट्रिक्ट का शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही लीनेस क्लब चिरमिरी कल्याण के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण किया। एरिया 5 की एरिया आफिसर लीनेस मिथलेश परासर ने अपने एरिया की रिपोर्टिंग का सारांश सरल एवं सहज ढंग से प्रस्तुत किया। लीनेस क्लब चिरमिरी कल्याण की ओर से सीमा दास एवं अंतरा दत्ता ने भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुति दी। चिरमिरी क्लब से लीनेस मिथलेश परासर, ज्योत्सना डे, अंतरा दत्ता, सीमा दास, मंजू गुप्ता ,प्रियंका आर्या, दुर्गा तिवारी ने मैहर में शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### केवाईसी अपडेट कराने आज भी खुलेंगे बैंक

**चरचा कॉलरी।** छग शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना के तहत छग राज्य सरकार के द्वारा जिले के सभी कलेक्टरों को निर्देशित जारी किया है कि क्षेत्र के स्थानीय बैंकों की छुट्टी के दिन भी केवाईसी अपडेट एवं आधार कार्ड लिंक कराने आदेश पारित किया है। भारतीय स्टेट बैंक से मिली जानकारी के अनुसार रविवार के दिन बैंकों की छुट्टी रहती है ,परंतु कलेक्टर के अदेशानुसार रविवार को भी बैंक खुलेगा। इसमें सिर्फ केवाईसी एवं आधार कार्ड लिंक कराने के लिए शाखा खुलेगी। उसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का लेन-देन नहीं किया जाएगा। वहीं बैंक मैनेजर ने बताया कि रविवार को बैंक केवाईसी आधार कार्ड लिंक कराने के लिए बैंक खोले जाएंगे।

# उज्जवला योजना से महिलाओं को धुएं से मिली राहत



मिला गैस सिलेंडर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत विकासखंड बैकुंठपुर एवं सोनहत में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का लाभ देने के लिए लगातार जिला प्रशासन प्रयासरत हैं। विगत दिनों में जब भारत संकल्प विकास यात्रा के दौरान ऐसे पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया, जो बरसों से जंगल से लकड़ियां बीनकर चूल्हे से भोजन बनाती थी।

सोनहत विकासखंड के ग्राम घुघरा निवासी श्रीमती उषा ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस चूल्हा मिलने से बहुत ही खुशी मिल रही है, उनके पति उमेश साहू का कहना कि अब भोजन बनाने में पहले की अपेक्षा समय की बचत हुई है, जिससे वे समय पर काम में पहुंच जाते हैं। पेशे से निजी स्कूल कटगोड़ी में शिक्षिका के रूप में कार्यरत करीब 28 वर्षीय श्रीमती अनुपमा तिवारी का कहना है कि अब वे योजना के तहत मिले गैस चूल्हा से खाना तैयार कर रही हैं, इसके पहले वे वे इंडक्शन व हिटर से खाना बनाती थी, इससे बिजली की खपत अधिक होती थी। अनुपमा तिवारी के पति भी बैकुंठपुर के निजी स्कूल में शिक्षक हैं। श्रीमती तिवारी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते कहा कि मुख्यमंत्री के इन योजना का लाभ मिलने से उनके परिवार को परेशानियों से छुटकारा मिला है। ग्राम घुघरा निवासी 30 वर्षीय श्रीमती प्रेमवती राजवाड़े के पति उमेश राजवाड़े ने बताया कि पहले उन्हें जंगल से लकड़ियां लाकर खाना बनाने की व्यवस्था करना पड़ता था, जबकि जब से प्रधानमंत्री उज्जवला गैस चूल्हा मिले हैं, तब से इसी में भोजन तैयार की जा रही है। बहुत आरामदाय महसूस हो रहा है। चूल्हा से जहां जल्दी खाना तैयार हो जा रहा है, वहीं अब प्रेमवती के आंखों से आंसू निकलना बंद हो गया है।

### 2500 गैस चूल्हे का वितरण

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उज्जवला गैस कनेक्शन के लिए करीब 2800 आवेदन प्राप्त हुए थे, इसमें से करीब 2500 आवेदनों का निराकरण किया गया और गैस चूल्हा प्रदान की गई है। शेष हितग्राहियों को गैस कंपनी से अनुमोदन होते ही प्रदान की जाएगी।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 03 मार्च 2024, रविवार
समय: 02 बजे से 05 बजे तक
डॉ. निहार गुप्ता MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
डॉ. मनीष चौरसिया MS (General Surgery) MCH (Neuro Surgery) मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
24/7
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

VC INSTITUTE
ADMISSION OPEN
M.A. (All Subject)
M.A. छत्तीसगढ़ी
M.SC. (All Subject)
M.COM, M.Lib, M.sc. Yoga
B.A., B.SC, B.com, B.Lib
B.sc. Yoga, B.ped, PG Diploma in Yoga
नोट - सभी कोर्स के परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं
आकाशवाणी चौक, पुराने रोजगार कार्यालय के पीछे, अम्बिकापुर 7222980129

शानदार 26 साल
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur Mob.- 9826183771, 9691620315
अधिकृत सेंटर
AISECT TEPL Tally Education CSC ACADEMY
COURSE GUIDANCE
DCA | PGDCA | BCA | BA | B.LIB MSW | PGDRD | MA | Tally MBA | MSC | MCOM | M.LIB

J.A.S. ROOFINGS.
अब डूप्लिकेट JSW से बचना हुआ बहुत आसान हॉलमार्क देखकर ओरिजनल JSW कराकट ले, समझदार बने और धोखा न खाए
नकली शीट से बचे
NOTE :-
अब आपके शहर में JAS Roofing ले कर आया प्रोफाइल शीट Manufacfring factory वो भी सही गुणवत्ता तथा उचित मूल्य के साथ तथा शेड बनाने का काम भी किया जाता हैं
हमारे यहाँ प्रोफाइल सहित सही मूल्य और उच्च क्वालिटी तथा गारंटी के साथ प्राप्त करे !
यहाँ किसी भी तरीके का मारका छापकर नहीं बेचा जाता हैं
CEO - Rajeev Gupta (jai Ambe Steel) Latori, Maheshpur 7974097610

Name Change

IT IS INFORMED TO THE GENERAL PUBLIC THAT I AKHILESH KUMAR S/O HUKUM SAI R/O UPARPARA, KHOPA, SURAJPUR (C.G.) 497235, HAVE CHANGED MY OLD NAME AKHILESH KUMAR SO IN FUTURE I SHOULD BE RECOGNISED BY MY NEW NAME AKHILESH KUMAR RAJWADE IN ALL GOVERNMENT AND OTHER DOCUMENTS.

Deponent
AKHILESH KUMAR RAJWADE
s/o HUKUM SAI
UPARPARA, KHOPA,
SURAJPUR (C.G.) 497235

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेड़ापन, सिफलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनाँक: 10 मार्च 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 7354260555

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 09 मार्च, 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
15 मार्च 2024 दिन शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
▪ आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
▪ दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
▪ किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
▪ पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
▪ किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

माहवारी के समय दर्द, असमय एवं अनियमित माहवारी, पेशाब में जलन, सफेद पानी, गर्भाशय में गठान, बाल झड़ना, चेहरे में मुंहासे, पुराना एक्जिमा एवं महिलाओं के समस्त रोगों का 100% प्राकृतिक और सफल होमियोपैथी उपचार के लिए संपर्क करे।
समय सुबह 08.00 बजे से 12.00 pm
दोपहर 02.00pm से रात 07.00 बजे तक।
डॉ. अमरीन फिरदौसी
BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कालोनी, नवागढ़, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर,
9179454786, 9753214959

## खबर संक्षेप



### एसआरवीएम में आर्ट थेरेपी पर सेमिनार, दी गई जानकारी

**सूरजपुर।** नगर के साधु राम विद्या मंदिर में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की मुख्य वक्ता पुणे में अध्यनरत एवं आर्ट इन हेल्थ पर स्टडी कर रही शिवानी ओझा रही। उन्होंने सेमिनार में सर्वप्रथम मेडिटेशन कराकर शांत वातावरण निर्माण किया इसके पश्चात विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से छात्रों में आ रही समस्याओं को कैसे जाने इस पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज के बदलते परिवेश में बच्चों को लेकर संवेदनशील होने की आवश्यकता है। सोसाइटी में बढ़ रहे तनावपूर्ण वातावरण से छात्रों को दूर कर विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से शिक्षा को रुचिकर बनाने की बात कही। साथ आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक आरके ओझा ने भी शिक्षकों के सामने सामाजिक वातावरण को तनाव मुक्त बनाने के लिए अपने अनुभव साझा किया। शिक्षकों ने भी मेडिटेशन एवं एक्टिविटी के दौरान महसूस किए गए अपने अनुभव को सभी के सामने साझा किया तथा छात्रों के साथ ऐसी क्रियाकलाप करने के लिए प्रेरित किया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ड्रेसर अहनंदी तिर्की को दी विदाई



**बिश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में ड्रेसर के पद पर लंबे समय तक सेवा देने वाली अहनंदी तिर्की 29 फरवरी को 38 साल के सफल सेवाकाल के बाद सेवानिवृत हो गई।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बीएमओ डॉक्टर प्रशांत सिंह की अगुवाई में अस्पताल परिवार द्वारा शुक्रवार को ड्रेसर के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई।इस दौरान सभी ने श्रीमती तिर्की के सेवाकाल की सराहना कर कहा कि उनकी कमी अस्पताल को हमेशा महसूस होगी,लेकिन शासकीय सेवक को एक दिन रिटायर होना ही होता है,ये प्रक्रिया का हिस्सा है।सभी ने उनके शेष जीवन काल के लिए अपनी शुभकामनाएं दी,अंत में उन्हें अस्पताल परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें ससम्मान विदाई दी।इस दौरान अस्पताल के चिकित्सकगण व अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को बीईओ कार्यालय में दी गई विदाई



**सीतापुर।** सेवानिवृत्ति उपरांत शिक्षकों को विदाई दी गई। बीइओ कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानपाठक नवल साय, मदन विशाल, शिक्षक सोहना कुजूर को बीईओ मिथिलेश सिंह सेंगर द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक के रूप में इनके सेवाकाल की सराहना करते हुए इनके सुखद भविष्य की कामना की गई।विदाई समारोह के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों को लेखापाल दूधनाथ सिंह ने शिक्षकों के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर बीपीओ प्रेम गुप्ता, संकुल समन्वयक सूर्यकांत सिंह, अमीन पैकरा, सुशील मिश्र एवं बीईओ कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बालमेला में बच्चों ने शैक्षणिक गतिविधियों में लिया हिस्सा

**सीतापुर।** शिक्षा विभाग एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली बच्चों में सीखने की कला विकसित करने संकुल स्तरीय बाल मेला का आयोजन किया गया। संकुल केंद्र उलकिया में आयोजित इस बालमेला का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल महामंत्री एवं उपसरपंच उलकिया रंजीत गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चे बहुत मासूम और कोमल होते है। इन्हें स्कूलों में पढ़ाई के दौरान शिक्षक जिस सांचे में ढालना चाहे ढल जाते है। यही बच्चे आगे चलकर समाज की दिशा और दशा तय करते है। उन्होंने कहा कि बाल मेला सीखने का उत्सव है। बच्चे अपनी हुनर एवं प्रतिभा को खुलकर सामने रख सकते है। इस अवसर पर बाल मेला में शिक्षको द्वारा विभिन्न कार्नर के तहत भाषा कार्नर, साइंस कार्नर, सामाजिक विज्ञान कार्नर, गणित कार्नर के साथ खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। बालमेला के दौरान कुम्हार द्वारा शिक्षक एवं बच्चों को मिट्टी के बर्तन एवं खिलौना बनाना सिखाया गया। मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर बीइओ मिथिलेष सिंह सेंगर, एबीईओ महेश सोनी, बीआरसी रमेश सिंह, बीआरपी प्रेम गुप्ता, संकुल समन्वयक सुशील मिश्र, प्राचार्य मोहन शास्त्री, लुकास तिर्की, विनोद यादव, राजेश गुप्ता, सिराज खान, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के ज्ञानप्रकाश, चंद्रभान सौरभ, राकेश समेत शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्कूली बच्चों उपस्थित थे।



## बैंक के बाहर ग्राहकों को घंटों करना पड़ रहा इंतजार

# संकरी जगह पर संचालित है सेंट्रल बैंक की सतपता शाखा, भारी अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल बिश्रामपुर में स्थित सेंट्रल बैंक की सतपता शाखा लंबे समय से अव्यवस्था के बीच संचालित हो रही है।

**खास बातें**

- राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर रोजाना बनी रहती है जाम की स्थिति, हादसा होने की बनी रहती है आशंका
- धूप में खड़े ग्राहकों के लिए पेयजल व बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था नहीं

एन एच 43 में संचालित उक्त बैंक शाखा जो किराए के सकरी भवन में संचालित है,इसमें न तो पार्किंग की सुविधा है और न ही ग्राहकों को अपनी बारी का इंतजार करने के लिए बैठने की ही सुविधा बैंक प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई गई है।आस पास के गांव से पहुंचे ग्रामीणों को बैंक के बाहर धूप में खड़ा होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।बता दें कि वर्तमान में जहां बैंक शाखा संचालित हो रही है वह स्थान एन एच 43 से लगा हुआ है।बैंक में काम से आए ग्राहकों की दोपहिया एवं चार पहिया वाहन एन एच में पार्क होने से अक्सर जाम की स्थिति निर्मित होती है, कई बार तो सड़क में वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से दुर्घटना भी हो चुकी है।बैंक के बाहर के अतिरिक्त भीतर के भी हालात बदतर है, भीतर जगह इतनी कम है कि यहां पंद्रह से बीस ग्राहक भी ठीक से खड़े नहीं हो सकते ।स्टॉफ की कमी का बहाना बताकर बैंक के स्टाफ मनमाने तरीके से काम करते है,ग्राहकों के जिस काम को तत्काल किया जा सकता है उसे भी लटका कर ग्राहक को इंतजार करने के लिए बैंक कर्मियों द्वारा मजबूर किया जाता है।



बैंक के सामने लोगों की भीड़।

### सुविधा के नाम पर प्रताड़ित हो रहे ग्राहक

आज प्रतिस्पर्धा के युग में जगह जगह प्राइवेट बैंक खुल रहे हैं, जहां ग्राहकों के लिए तमाम तरीकों से लुभाने के प्रयास कर सभी सुविधाएं दी जा रही हैं। लेकिन इसके विपरित सेंट्रल बैंक शाखा के कर्मचारियों की मनमानी व उदासीनता ग्राहकों पर भारी पड़ रही है।बता दें कि उक्त बैंक शाखा करीब पांच दशक पुरानी है, पूर्व में यह मुख्य मार्ग में बड़े भवन में संचालित थी लेकिन पिछले आठ दस वर्षों से जब शाखा का स्थान परिवर्तन हुआ है तभी से यहां अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हुई है।

### बैंक में बैठने की उचित व्यवस्था नहीं

क्षेत्र में दशकों से संचालित सेंट्रल बैंक शाखा काफी पुराना होने के कारण यहां ग्राहकों की तादात भी काफी अधिक है ।रोजाना यहां हजार से अधिक ग्राहक बैंकिग के काम से पहुंचते है ।अधिकतर कामों को तत्काल में निपटाने के बजाय बैंक के कर्मचारी ग्राहक के काम को अनावश्यक लटका कर उसे इंतजार करने को मजबूर करते है। अपनी बारी का इंतजार करने ग्राहक अक्सर बैंक के बाहर खुले आसमान में घंटो इंतजार करते देखे जा सकते हैं।उन्हे पेयजल और बेंच तक की सुविधा बैंक प्रबंधन उपलब्ध नहीं करा सकी है जिससे ग्राहकों का इस बैंक की शाखा से परेशान हैं।

### जगह की समस्या

सेंट्रल बैंक की सतपता शाखा में जगह की समस्या है प्रबंधन द्वारा दूसरे भवन की तलाश की जा रही है।पेयजल के लिए जल्द ही व्यवस्था करेंगे।

-सीबू ईपेन, एलडीएम, सूरजपुर




शिक्षक को सम्मानित करते जनप्रतिनिधि।

# शिक्षा की अलख जगाने वाले सुनील कुमार ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

विकासखंड उदयपुर के माध्यमिक शाला पेंडरखी के शिक्षक एलबी नवाचारी शिक्षक सुनील कुमार यादव को सत्र 2023 के मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण समारोह में ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सुनील कुमार यादव उदयपुर के दूरस्थ अंचल में शिक्षा के अलख जगा रहे। 2009 में जब उनकी नियुक्ति हुई तो ग्राम में सड़क,नेटवर्क और बिजली नही थी। गांव के चारो ओर से नदी नालों और पहाड़ से घिरा था। शिक्षक द्वारा गांव में ही रहकर पढ़ाई कराया। पालकों को जागरूक कर बच्चो को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया और 10 से अधिक शाला त्यागी बच्चो को शाला की मुख्यधारा में लाकर 8 वी पास कराए। कोरोना काल में मोहल्ला क्लास द्वारा पढ़ाई की गई उनका मोहल्ला क्लास उदयपुर के बेस्ट मोहल्ला क्लास में शामिल रहा। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर 28 फरवरी को जिला स्तरीय कार्यक्रम में उनको जनप्रतिनिधि और जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष सम्मानित किया गया।

# सलका माध्यमिक शाला में न्योता भोजन कार्यक्रम



**मानीचौक।** संकुल केंद्र डेडरी टू के ग्राम पंचायत सलका रजवारी पारा में स्थित माध्यमिक शाला में आज न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग के विभिन्न अधिकारियों सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित होकर स्कूली बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया। भारत सरकार की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण की गाइडलाइन कंडिका 12 में उल्लेखित तिथि भोजन से लिया गया है। यह सामुदायिक भागीदारी पर निर्धारित है। विभिन्न त्योहार या अन्य अवसर वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परंपरा पर आधारित है। प्रदेश में भोजन करने हेतु आमंत्रण को न्योता कहा जाता है। इसी कड़ी में आज ग्राम पंचायत सलका में न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद सदस्य समिता आर्मो, सरपंच दिनेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में शिक्षा विभाग के बीआरसीसी मनोज मंडल, बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े, एसएमएमसी सदस्य शिवप्रसाद, श्यामकली, शिक्षक महेश कुमार दोहरे, अशोक सिंह परस्ते, रूपालिका गुप्ता, सुनीता यादव, रंजना शर्मा, प्रधान पाठक सूर्यभान सिंह, शिक्षा समिति अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में माध्यमिक शाला सलका के स्कूली बच्चे भोज में शामिल हुए।

## पीएम आवास योजना के कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश

# जिपं सीईओ ने विभिन्न निर्माण कार्यों जनपद कार्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नंदनी साहू ने जनपद पंचायत रामानुजनगर अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों व जनपद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। रामानुजनगर के ग्राम पंचायत नारायणपुर में पीएम आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों में ऐसे हितग्राही जिनके निर्माण कार्य के लिए प्रथम किस्त की राशि मिल चुकी है लेकिन आवास प्रारंभ नहीं करा रहे है तथा उन्होंने ढलाई तक के लिए राशि ले ली है किंतु आवास पूर्ण नहीं करा रहे है। उनसे बातचीत किया गया तथा जल्द आवास निर्माण कराने हेतु समझाइस दी गई। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में आवास निर्माण कराने में पानी की समस्या एवं सामग्री की दरें भी बढ़ जाएंगी। इसलिए आप सभी अविलंब आवास को पूर्ण कराइए। ग्राम पंचायत देवनगर के आशा स्वयं सहायता समूह द्वारा कचरा संग्रहण का कार्य तथा बाजार शेड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत पस्ता में निर्मित रीपा में विभिन्न कार्य हथकरघा, ब्रिक निर्माण कार्य, चिप्स, एसआरएलएम शेड व नरेगा अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर का जायजा लिया। रामानुजनगर में निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात जनपद पंचायत रामानुजनगर के कार्यालय अंतर्गत विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एनआरएलएम के कैडर्स की मीटिंग में भी सम्मिलित हुई। इस दौरान एसडीएम नंदजी पांडे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत संजय राय, पीएम आवास योजना के जिला समन्वयक दीपक साहू, पीओ मनरेगा निर्मल श्याम, उप अभियंता आरईएस संगीता, एनआरएलएम बीपीएम माधुरी भंडारी, एसबीएम समन्वयक अनुजा चौबे, अमित मिंज तथा संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित रहें।



निरीक्षण करते जिपं सीईओ।

### विभिन्न मांगों को लेकर मनरेगा मेटों ने सौंपा ज्ञापन

**बिहारपुर।** मनरेगा मेट यूनियन ने विभिन्न मांगों को लेकर जनपद सीईओ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले चार माह से मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है जिससे उन्हें अपने घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। ऑनलाइन हाजिरी लगवाने को लेकर मेटों को रिचार्ज करवाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने ऑनलाइन हाजिरी के समाधान ऑडिशन एडिट पंचायत समिति स्तर पर करने मनरेगा मेटों की मजदूरी का भुगतान करने एवं संविदाकर्मी का दर्जा देने की मांग की है। 15 वर्षों से मनरेगा मेट लगातार कार्य कर रहे हैं। पहले मात्र 90 दिन कार्य करने पर नियमितिकरण किया जाता था। इस दौरान संयोजक राधेश्याम साकेत, सहसचिव राकेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष भीम देवांगन, महेश कुमार यादव, बेबी सिंह, दुर्गा प्रसाद आदि उपस्थित थे।



# मनोरंजन गृह में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के मनोरंजन गृह में सुहानी महिला मंडल के तत्वाधान में विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्ष श्रीमती पूनम मिश्रा मौजूद थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रोजी कुमार ने किया। मनोरंजन गृह मे आयोजित विविध कार्यक्रम को श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती पूनम मिश्रा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला मंडल एसईसीएल क्षेत्र तथा उसके आसपास के गांव में निवासरत महिलाओं के विकास के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करती है। इसी कड़ी में आज भटगांव क्षेत्र में संस्था द्वारा कम्प्यूटर और सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं और बालिकाओं को सर्टिफिकेट और सिलाई मशीन प्रदान किया गया है। साथ ही आगे भी इस तरह के कार्यक्रम कर लोगों प्रशिक्षित करते रहेंगे। इस अवसर पर विगत 6 माह से कम्प्यूटर कोर्स कर रहे 19 बालिकाओं, महिलाओं को और सिलाई कटिंग का कोर्स कर रहें 13 बालिकाओं और महिलाओं को वैध प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। सिलाई सीख चुकी महिलाओं को 13 नग सिलाई मशीन भी प्रदान किया गया जिससे उन्हें स्वरोजगार प्राप्त हो और वो अपना और अपने परिवार का विकास कर सके। इस अवसर पर तीन गरीब परिवार को जीवकोपार्जन के लिए ठेला गाड़ी भी प्रदान किया गया और एक निःशक्त बच्चे को ट्राईसाईकिल प्रदान किया गया। विगत वर्ष भी 24 लोगो को प्रशिक्षण दिया गया था। इस दौरान पल्लवी गुप्ता, पूनम सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, सदस्या श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर अर्पणा कृष्णा, सोहागपुर एरिया, तरुणा मदान,जमुना कोतमा एरिया, संगीता श्रीवास्तव चिरमिरी एरिया सहित भारी संख्या मे सुहानी महिला मंडल की सदस्यों उपस्थित थी।

- प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रदान किया गया प्रमाण पत्र



# कोयला चोरी से परेशान खान प्रबंधक, सरपंच को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

एसईसीएल के आरजीके सब एरिया क्षेत्र के गायत्री खदान इन दिनों कोयला चोरी को लेकर सुर्खियों में है जहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में अनाधिकृत ग्रामीण खदान परिसर में दाखिल होकर कोयला चोरी की घटना को अंजाम देते है। आए दिन हो रही कोयला चोरी से खान प्रबंधक परेशान है तथा कोयला चोरी को रोकने सरपंच को पत्र लिखा। जिसमें लिखा है कि खदान क्षेत्र में किसी प्रकार की घटना हुई तो वे खुद जिम्मेदार होंगे। खान प्रबंधक ने पत्र में उल्लेख किया है कि खदान परिसर में बडे बडे कोयला वाहन सहित तमाम तरह की मशीन संचालित है। ऐसे में अनाधिकृत तरीके से प्रवेश करने वाले ग्रामीण चपेट में आने या कोयले का लगा स्टेक ढहने से कुछ अनहोनी हो सकती है जिसके जिम्मेदार वे खुद होंगे। एसईसीएल के गायत्री भूमिगत खदान के खान प्रबंधक ने केतका, लाछा, जोबगा, मानी, पोड़ी, सपकरा, डेडरी, सलका, लैंगा, खुटिया सहित एक दर्जन से अधिक सरपंचों को नोटिस देकर सूचना किया है कि खदान के अंदर बाहरी लोग का किसी प्रकार की जनहानि होती है तो उसकी जिमेदार वे खुद होंगे।,उन्होंने पत्र में बताया है की पुराने जयनगर खदान में अवैध उत्खनन करते समय मलबे में दबने से मौत बताया गया जिससे सख्त होकर प्रबंधक ने सरपंचों को नोटिस देकर हिदायत दिया है।

- कहा-किसी प्रकार की दुर्घटना का खुद होंगे जिम्मेदार

## पीजी कॉलेज में विज्ञान दिवस पर हुआ व्याख्यान

# चिकित्सा व ज्योतिष विज्ञान का जनक रहा है भारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अम्बिकापुर में रसायन विभाग द्वारा विज्ञान दिवस के अवसर पर स्वदेशी तकनीक से विकसित भारत थीम पर विज्ञान उत्सव तथा व्याख्यानमाला का आयोजन स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय केशवपुर के प्राचार्य सुशील कश्यप, यूटीडी के विभागाध्यक्ष डा.धीरज कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष श्रीमती सरोज तिर्की ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अपने व्याख्यान में धीरज यादव ने स्वदेशी तकनीक से अंतरिक्ष के क्षेत्र में इसरो द्वारा स्थापित नए आयामो, बैंकिंग सेक्टर में यूपीआई द्वारा ऑनलाइन बैंकिंग को आम जनमानस के लिए सरल एवं सुलभ बनाने की जानकारी दी तथा कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर क्षेत्र में स्वदेशी तकनीक का विकास आवश्यक है। डा.सुशील कश्यप ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव के महत्व तथा अनुप्रयोगों को समझाया। उन्होंने बताया कि हर पदार्थ का विद्युत चुम्बकीय तरंग के प्रति अलग व्यवहार होता है तथा रमन स्पेक्ट्रोमीटर द्वारा उस पदार्थ की पहचान की जा सकती है। रमन स्कैनर द्वारा ब्रेन ट्यूमर कोशिकाओं की पहचान की जाती है इसी प्रकार एक्सप्लोसिव तथा नारकोटिव पदार्थों की पहचान करने में रमन प्रभाव का उपयोग होता है। डा.एसके श्रीवास्तव ने भारत के समृद्ध वैदिक विज्ञान पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि विश्व के प्रथम विश्वविद्यालय नालंदा एवं तक्षशिला का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है जहां विश्व भर के छात्र अध्ययन करते थे। भारत चिकित्सा विज्ञान तथा ज्योतिष विज्ञान का जनक रहा है। विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें अपने समृद्ध वैदिक विज्ञान को आधुनिक विज्ञान से समायोजित कर सभी क्षेत्रों में स्वदेशी तकनीक का उन्नयन करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विज्ञान पखवाड़ा में आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को अतिथियों ने मंडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया। सहायक प्राध्यापक डा.रामेश्वरी बंजारा ने आभार व्यक्त किया।

### नेशनल लोक अदालत 9 को, दूसरी बार हुई बैठक

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में 9 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन निर्धारित किया है। जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोविन्द नारायण जांगड़े के अध्यक्षता में 1 मार्च को आगामी नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा लंबित प्रकरण रखे जाने एवं निराकरण किए जाने हेतु समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ आज जिले में संचालित समस्त बैंक शाखा प्रबंधक, विद्युत विभाग के साथ दूसरी बार बैठक की गई। आगामी लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों में आयोजित होंगे व पक्षकारों की सुविधा के लिए प्रकरण के पक्षकारों को भौतिक रूप से एवं वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दोनों मुख्य माध्यमों से मामलों में सुलह की सुविधा प्रदान की जाएगी। लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहारवाद, मोटर दुर्घटना दावा, पारिवारिक विवाद, जिला न्यायालय में वर्षों से लंबित प्रकरण राजस्व प्रकरणों को रखे जाएगें। बैंक ऋण, बकाया बिजली बिल, जल के बकाया देयकों के प्री लिटिगेशन प्रकरणों में पक्षकारों को नियमानुसार छूट के लिए पात्र होगें।

## खबर संक्षेप



### सरगुजा के पांच खिलाड़ी राष्ट्रीय मिनी गोल्फ में लेंगे हिस्सा

**अंबिकापुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में 2 से 6 मार्च तक होने वाली 9वीं राष्ट्रीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता के लिए सरगुजा संभाग से पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रतियोगिता के दौरान सरगुजा जिला मिनी गोल्फ संघ के पांचों खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए सरगुजा मिनी गोल्फ संघ से आकाश दुबे, रजत सिंह, प्रेरणा सिंह, प्रियंका पैकरा एवं बृजदेव सिंह का चयन हुआ है। सरगुजा जिला मिनी गोल्फ संघ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुका है। वहीं विश्वविद्यालय स्तर प्रतियोगिता में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा की मिनी गोल्फ टीम परचम लहराते हुए कई मेडल जीत चुकी है। वहीं सरगुजा के खिलाड़ियों ने 37वीं नेशनल गेम्स गोवा में जिले का मान बढ़ाया था। खिलाड़ियों के चयन से खेल प्रेमियों व संघ में हर्ष का माहौल है। `

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया मंत्री रामविचार का जन्मदिन



**रामानुजगंज।** कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह के साथ जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा केक काट कर छात्र - छात्राओं को मिठाइयां बांटी। इसके अलावा भाजपा के सभी कार्यकर्ता ने छात्र-छात्राओं के साथ बैठकर न्योता भोजन किया। इसी प्रकार कार्यकर्ताओं द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में केक काटकर और जिला अस्पताल एवं बाल गृह में फल बांट कर जन्मदिन मनाया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल कृष्ण मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णा गुप्ता, बंशीधर गुप्ता, बिहारी पाल, जिला कार्यालय मंत्री अजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दिलीप सोनी सहित मंडल महामंत्री गुरुदेव सिंह, अनूप गुप्ता उपस्थित थे।

### करंजवार स्कूल में केक काटकर मनाया गया न्योता भोज कार्यक्रम



**प्रतापपुर।** मंत्री राम विचार नेताम के जन्मदिन के अवसर पर करंजवार स्कूल में केक काट के न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री नेताम के जन्मदिन पर बच्चों के साथ न्योता भोज किया तथा बच्चों को पेन और कॉपी वितरण किया गया। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चे बहुत ही गदगद हुए और अपने बीच जनप्रतिनिधियों को देखकर और केक काटकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। इस दौरान सिंहासन सिंह, नवीन जायसवाल सोनू , मुन्ना सिंह, विनोद जायसवाल, काजू कश्यप, मुकेश गुप्ता, सरपंच विक्रम सिंह करंजवार राजू सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं बच्चों सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

### मोबाइल दुकान से चोरी करने मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत गंगापुर में स्थित मोबाइल दुकान में चोरी करने मामले में फरार एक अन्य आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत गंगापुर निवासी शशिशंकर जायसवाल की मोबाइल दुकान में 26 फरवरी की रात्रि छत के सीट को तोड़कर दुकान में रखे 4 नग मोबाईल व अन्य सामान को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। मामले की सूचना पर पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया गया था। मामले में फरार चल रहा एक अन्य आरोपी महेशपुर निवासी 27 वर्षीय खेल साय आ. भैयालाल राजवाड़े को शनिवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के दो नग मोबाईल को जब्त कर उसे न्यायालय पेश किया गया है।

### दो दिन पहले जशपुर नगर से पहुंचा है हाथी

# अकेले घूम रहे दंतैल ने खेतों की सिंचाई कर रहे ग्रामीण की पटककर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में हाथियों से मौत का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात दल से अलग होकर अकेले घूम रहे दंतैल ने वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम झेराडीह में अपनी फसल की सिंचाई कर रहे एक ग्रामीण को पटककर उसकी जान ले ली। बताया जा रहा है दंतैल लम्बे समय से दल से अलग होकर अकेले घूम रहा है। तीन महीने पूर्व दंतैल ने दो दिन के भीतर चार लोगों को मौत के घाट उतारने के बाद रातोरात जशपुर नगर की ओर चला था। तीन महीने तक इधर-उधर भटकने के बाद दो दिन पूर्व ही वह वनपरिक्षेत्र बगीचा, सीतापुर का भ्रमण करते हुए शंकरगढ़ जंगल में पहुंचा था। शुक्रवार को दंतैल वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत चितालाता जंगल में दिखा था। पूर्व में लगातार आतंक मचाने के कारण वनकर्मी अलर्ट थे तथा संभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को दंतैल के मौजूद होने की जानकारी देने के साथ ही सतर्कता बरतने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रहे थे। ग्राम झेराडीह के ग्रामीणों को भी दंतैल के मौजूद होने की सूचना दी गई थी। देर शाम वनकर्मी भी गांव में ही मौजूद थे। शुक्रवार को देर शाम ग्राम झेराडीह निवासी केशव पैकरा आ.स्व.रूस्तमा पैकरा अपने बेटे को साथ लेकर गेंहू की फसल की सिंचाई करने खेत की ओर जा रहा था। ग्रामीणों ने उसे जंगल में दंतैल के मौजूद होने का हवाला देकर रोका भी लेकिन केशव खेतों की ओर दंतैल के नहीं आने की बात कह चला गया। रात्रि लगभग 8.30 बजे गहरा अंधेरा होने पर दंतैल की आहट पाकर उसने टार्च जला दी जिससे आक्रोशित दंतैल दौड़ते हुए उसके पास पहुंच गया। दंतैल से बचने केशव ने भागने की भी कोशिश की लेकिन दंतैल ने उसे अपने सूंड में जकड़ लिया तथा बार-बार पटकने के साथ ही उसके अंगों को अलग-अलग बिखेर दिया। पिता के साथ खेत की सिंचाई कर रहे बेटे ने मेड़ के किनारे लेटकर किसी तरह अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंचे वन अधिकारियों ने मृतक के परिजन को ढांढस बंधाया तथा सरपंच के समक्ष 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की

**खास बात**

- पूर्व में भी क्षेत्र में ले चुका है कई ग्रामीणों की जान, दहशत में क्षेत्रवासी



तात्कालिक सहायता प्रदान करते वन अधिकारी।

**दो दिन में ली थी पांच की जान**

अकेले घूम रहा दंतैल काफी आक्रामक है। तीन महीने पूर्व भी दंतैल इसी मार्ग से शंकरगढ़ पहुंचा था तथा दो दिन में अलग क्षेत्र के पांच लोगों की जान ले ली थी। दंतैल ने शंकरगढ़ में एक ग्रामीण को कुचल दिया था तथा रातोंरात राजपुर जंगल पहुंच गया था। राजपुर में एक ग्रामीण को कुचलने के बाद दंतैल ने वन वप परिक्षेत्र लुण्ड्रा में दो ग्रामीणों को पटककर जान ले ली थी तथा रात में सीतापुर जंगल के रास्ते जशपुर की ओर चला गया था। वन परिक्षेत्र बगीचा में भी उसने एक ग्रामीण को कुचल दिया था। दंतैल काफी तेज गति से चलता है तथा कम समय में लम्बी दूरी तय कर लेता है। वह आबादी क्षेत्र में तोड़फोड़ मचाने के साथ ही मौका मिलते ही हमला कर देता है।

**4 घरों में की तोड़फोड़**

दंतैल शुक्रवार को अंधेरा होते ही झेराडीह बस्ती में घुस गया था जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान दंतैल ने गांव के राम प्रसाद गुप्ता आ.ननकु गुप्ता, ग्राम चितालाता निवासी केंदों आ.बोडो पहाड़ी कोरवा व नान्हू आ.रामा कोरवा तथा कूदर निवासी जयराम आ.फागु कोरवा के घर में तोड़फोड़ की। दंतैल ने बड़ी संख्या में किसानों के धान व मटर की फसल को क्षति पहुंचाई है।

**लोगों को किया जा रहा जागरूक**

दो दिनों से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई है।

आकांक्षा लकड़ा
रेंजर, लुण्ड्रा



### दिनदहाड़े बस्ती के समीप पहुंचे दो हाथी, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। क्षेत्र में डेरा जमाए हाथी लगातार लोगों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। हाल ही में दंतैल के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो चुकी है जबकि हाथियों की मौजूदगी के कारण लोग रातभर खुले आसमान के नीचे बिताने को मजबूर है।

- गन्ने के खेत में जमाया डेरा

वहीं अब हाथी दिन दहाड़े बस्ती में पहुंच रहे है जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम पेटला कुम्हार पारा में दो हाथी दिन दहाड़े बस्ती में घुस आए। हाथी गांव की घनी बस्ती से महज 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित गन्ने के खेत में डेरा जमाया है। हाथी गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। विगत कई दिनों से जंगल में डेरा जमाए हाथियों के गांव में घुस आने से लोगो मे हड़कंप मच गया है। मौके पर डटे वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही लोगों को हाथियों से दूर रहने की समझाइस दे रहे है। इस संबंध में वनपरिक्षेत्राधिकारी विजय कुमार तिवारी ने बताया कि हाथी भटकते हुए गांव के करीब पहुंच गए है। हाथी गांव से से 5 सौ मीटर दूर स्थित गन्ने के खेत में डेरा जमाए रखा हैं। वन विभाग का मैदानी अमला हाथियों पर नजर रखे हुए है। लोगो को हाथियों से बचाव एवं दूर रहने के निर्देश दिए गए है। फिलहाल हाथियों ने जानमाल को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया है। हमारी कोशिश यही है कि हाथियों को जंगल की ओर रवाना किया जाए।

### ग्रामीण महिलाओं ने कबड्डी के माध्यम से किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**तमनार।** जेएसपी फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा ग्राम धौराभांठा में आयोजित जेपीएल महिला प्रो कबड्डी धौराभांठा 2024 का डुमरघुचा का खुरूसलेंगा पर 30-16 अंक से जीत के साथ सम्पन्न हुआ। दो दिनों तक चले क्षेत्र की 16 टीमों के 160 सशक्त महिला खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्षन कर पुरे धौराभाठा के वातावरण को कबड्डीमय बना दिया। क्षेत्र की महिलाएं अपने अपने टीमों का हौसला अफजाई करने के लिए मैदान में दिनभर डटे रहें। गृहिणी महिलाओं ने अपने शानदार खेल के प्रदर्शन से सभी को हतप्रभ कर दिय। और अंततः कश्मकश भरे फायनल की अमित द्वंद में डुमरघुचा की महिलाओं ने खुरूसलेंगा को 30-16 से हरा दिया।

### अभियान के तहत आम जनता से सुझाव लेगी भाजपा : ललन प्रताप

**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज की उपस्थिति में भाजपा की आगामी कार्ययोजना के सम्बंध में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि भाजपा विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ शनिवार को छत्तीसगढ़ में करने जा रही है। भाजपा अभियान के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझाव एकत्र करने में जुट गई है। प्रथम चरण में अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय स्तर पर 26 फरवरी को हुआ था तथा 27 व 28 फरवरी को प्रदेश स्तर पर फिर जिलास्तर पर इसकी लॉन्चिंग हुई है। द्वितीय चरण में 27 फरवरी से 15 मार्च विकसित भारत कोहोर्ट मिलन एवं संवाद कार्यक्रम के तहत विभिन्न संस्थाओं के ज्ञापन एवं सुझाव लेंगे तथा विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियों के तहत जनता से सीधा संवाद करेंगे। एलईडी प्रचार वाहनों के माध्यम से देशभर के 500 लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान चलाया जाएगा साथ ही छोटी सभाएं आयोजित कर जनता से सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि घर-घर जनसंपर्क अभियान 8 मार्च से 10 मार्च तक चलेगा। अभियान के तहत भाजपा के कार्यकर्ता बूथ स्तरीय जनसंपर्क करेंगे और जनता से सुझाव एकत्रित करेंगे। प्रकोष्ठों के कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय गोष्ठी एवं विधानसभा स्तर पर छोटी बैठकों के माध्यम से संबंधित कोहोर्ट से सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। भाजपा जनजुड़ाव, जनसंवाद और जनता से सतत संपर्क कर पर विश्वास रखती है और इसलिए हमारा नारा है सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास और सबका विश्वास। इस दौरान जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष टीका राम पटेल, संतोष दास, रूपेश दुबे, अनिल अग्रवाल, आकाश गुप्ता, उमाशंकर उपाध्याय, विशाल सिंहदेव आदि उपस्थित थे।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन फिजूलखर्ची रोकने का उत्कृष्ट माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

गहिरा समाज द्वारा ग्राम सिलफिली में विष्णु महायज्ञ व सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। श्री विष्णु महायज्ञ समापन के साथ ही 30 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान सामाजिक संस्था गंगा ग्रामोत्थान समिति द्वारा स भी महिलाओं को दो दो साड़ी व आ शी र्वा द स्वरूप नगद राशि प्रदान की गई। ग्राम पंचायत सिलफिली में गहिरा समाज द्वारा आयोजित सर्व समाज सामूहिक विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगा ग्रामोत्थान समिति के प्रदेशाध्यक्ष व राज्य उपभोक्ता संरक्षण समिति सदस्य सुभाष गोयल ने दहेज प्रथा के बढ़ते प्रचलन के बीच सामूहिक विवाह के आयोजन के लिए आयोजन समिति की सराहना की। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन फिजूलखर्ची रोकने एक अच्छा माध्यम है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में सीमित संख्या में परिजन के उपस्थित होकर पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम से अपने बेटे-बेटियों का विवाह करने से फिजूलखर्ची नहीं होती। ऐसे आयोजनों में महान संत गहिरा गुरु के आदर्शों को आत्मसात कर उनके अनुयायियों द्वारा समाज सुधार के लिए किए जा रहे सेवाभावी कार्य सराहनीय हैं।समिति के प्रदेश महासचिव नरेंद्र जैन ने सर्व समाज सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कहा कि यह कार्यक्रम सभी समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल है। यह बहुत अच्छी बात है कि सामूहिक विवाह को लेकर अब लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पहले से चली आ रही अच्छी परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ, नई परंपराओं को अपने से ही समाज तेजी से आगे बढ़ता है। आयोजन में समिति के अध्यक्ष देवनारायण सिंह समेत सुमन सिंह, जुगेश्वर सिंह, मनमत बछाड़, शिवनारायण सिंह, सरपंच अजय सिंह, शिव कुमार सिंह, महेंद्र सिंह, बेचू सिंह, रामाज्ञा, आगर साय, तिलसाय व अन्य सक्रिय रहे।

- गहिरा समाज द्वारा महायज्ञ व सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित



**30 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह**

इस अवसर पर हिंदू रीति रिवाज से क्षेत्र के 30 जोड़े युवक युवतियों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। आयोजन समिति द्वारा वैवाहिक जोड़ों को आवश्यक सामग्रियों का वितरण भी किया गया। साथ ही सामाजिक संस्था गंगा ग्राम उत्थान समिति के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष गोयल एवं महासचिव नरेंद्र जैन ने सभी वैवाहिक जोड़ों को दो दो साड़ी व नगद राशि प्रदान करते हुए उन्हें सुखद दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

### जयनगर में बाल पुस्तकालय से कहानी पुस्तक का सस्वर वाचन

**बिश्रामपुर।** बैगलेश शनिवार अंतर्गत बच्चों में सृजनात्मकता व भाषा कौशल का विकास व पुस्तक पठन, वाचन, लेखन में रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या जयनगर में बच्चों को विद्यालय के बाल पुस्तकालय से कहानी पुस्तक का सस्वर वाचन कराया गया। साथ ही कविता व कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। बच्चों द्वारा विभिन्न विषयों पर कविता एवं कहानी लिखा गया। कविता, कहानी लेखन के प्रति बच्चों का प्रयास, सृजनात्मकता व सहभागिता अत्यंत सराहनीय रहा। स्वरचित कविता में कु. मिंकी कक्षा 8 वीं द्वारा लिखी गई कविता को प्रथम स्थान व स्वरचित कहानी में कु. खुशी कक्षा 8 वीं द्वारा लिखी गई कहानी को प्रथम स्थान के रूप में चुना गया। बच्चों को एक दूसरे की कविता एवं कहानी से सिख व आनंद लेने का अवसर प्राप्त हुआ। साथ ही कविता एवं कहानी वाचन से मंच के प्रति झिझक दूर होता हुआ दिखाई पड़ा। विद्यालय के प्रधान पाठक हर्ष नारायण शर्मा द्वारा बच्चों को कविता, कहानी लेखन तथा वाचन के उत्तम तरीके को बताया गया।साथ ही पुस्तक पढ़ने से होने वाले लाभ को बताते हुए विद्यालय के बाल पुस्तकालय से प्रतिदिन कम से कम एक पुस्तक पढ़ने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। भाषा कौशल, शब्द भंडार व सृजनात्मकता में दक्ष होने से पत्रकारिता जगत में रोजगार व स्वरोजगार के अवसर की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक सहित विद्यालय के शिक्षक सीमा सोनी, गरिमा श्रीवास व लौकेश कुमार साहू व अन्य उपस्थित रहे।



## इंडोर स्टेडियम व जीम सेंटर के निर्माण पर लगाई गई रोक

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा करीब एक करोड़ रूपए की लागत से कराए जा रहे इंडोर स्टेडियम व जीम सेंटर का निर्माण कार्य में स्थल परिवर्तन को लेकर चल रहे विवाद के बीच प्रेमनगर विधायक की पहल पर फिलहाल निर्माण कार्य रोक दिया गया है। विधायक के मौके पर आकर वस्तुस्थिति का अवलोकन करने उपरांत निर्माण कार्य को शुरू कराए जाने की बात कही जा रही है। गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा नगर के अंतिम छोर स्थित नर्सरी में एसएलआरएम सेंटर के पास विरान माहौल में करीब एक करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम व जीम का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों में स्थल चयन पर सवाल उठाते हुए अपनी अपनी आपत्ति दर्ज कराई जा रही है। मामले में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह व कलेक्टर रोहित व्यास के पास ज्ञापन देकर अपनी अपनी आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है। इंडोर स्टेडियम व जीम सेंटर निर्माण कार्य को लेकर स्थल परिवर्तन पर चल रहे विवाद के बाद अब प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के पहल अनुसार निर्माण कार्य को फिलहाल रोक दिया गया है। बताया जा रहा है कि 6 मार्च को प्रेमनगर विधायक द्वारा यहां आकर स्थल का अवलोकन करने उपरांत निर्माण कार्य शुरू कराए जाने की बात कही जा रही है। इस संबंध में नगर पंचायत सीएमओ सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों निर्माण कार्यों को फिलहाल रोक दिया गया है। प्रेमनगर विधायक के नगर आगमन उपरांत स्थल निरीक्षण करने के बाद दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश पर पुनः निर्माण कार्य को शुरू कराया जाएगा।

- प्रेमनगर नगर विधायक के स्थल का अवलोकन करने पश्चात पुन: शुरू होगा निर्माण कार्य






## राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान आज से होगा प्रारम्भ

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान आज 3 मार्च से शुरू होगा। तीन दिवसीय यह अभियान में सूरजपुर विकासखंड के शून्य से 5 साल तक बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। अभियान में पहले दिन 3 मार्च को बूथ स्तर पर एवं 4 तथा 5 मार्च को बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग व्यापक रूप से तैयारियों में जुट गई है। सूरजपुर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशान्त सिंह ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। वैक्सीन एवं आईईसी सामग्री सभी सेक्टरों एवं शहरी क्षेत्रों में वितरित की जा चूकी है। अभियान के सफल संचालन हेतु सभी सेक्टरों एवं शहरी क्षेत्र के चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन को सुचारू रूप से कार्य संचालन हेतु प्रशिक्षित किया जा चुका है। क्षेत्र के मेला बाजार, ईंट भट्टों, मलीन बस्तियों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, साप्ताहिक बाजार एवं विभिन्न आद्यौगिक क्षेत्रों में पोलियों की खुराक पिलाने के लिए मोबाईल टीम का गठन किया गया है। रविवार 3 मार्च को सुबह कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विकासखण्ड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशान्त सिंह द्वारा सभी अभिभावकों से आह्वान किया गया है कि वे अपने 5 साल तक के सभी बच्चों को रविवार 3 मार्च को पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो वैक्सीन की दो बूंद की खुराक अवश्य पिलाएं।

**पल्स पोलियो प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना**

**सूरजपुर।** जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन जिले में 3 मार्च को किया जा रहा है। 3 मार्च को बूथ पर तथा 4 एवं 5 मार्च घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिले में पल्स पोलियो अभियान हेतु लगभग 1 लाख 4 हजार 660 शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी जिसके लिए 728 पोलियो बूथ पर 900 टीम तथा 2 हजार 336 कर्मचारी निर्धारित स्थान पोलियो बूथ, रेलवे स्टेशन, हाट बाजार, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाएगे। जिले से अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु कलेक्टर के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला टीकाकरण अधिकारी तथा अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर विकास खण्डों के ग्रामों हेतु रवाना किया गया।









